मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
(व्यापम) द्वारा संचालित

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!



# मध्य प्रदेश
# पटवारी
## चयन परीक्षा 2021

सामान्य ज्ञान | गणितीय अभियोग्यता | सामान्य हिन्दी
ग्रामीण समाज एवं विकास | कम्प्यूटर ज्ञान

ORIGINAL SOLVED PAPERS!
सभी प्रश्नों के हलों को सरल एवं व्याख्यात्मक रूप में दिया गया है

## 39 | सॉल्वड पेपर्स
(2018 एवं 2017 की परीक्षाओं के हल प्रश्न–पत्र)

**3 Free Online Mock Tests** ANDROID APP ON Google Play
(अंदर दिए गए निर्देशानुसार हमारी Android App पर try करें)

| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB676 | ₹ 229 | 294 |


मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा संचालित

# मध्य प्रदेश
# पटवारी
## चयन परीक्षा 2021

सामान्य ज्ञान | गणितीय अभियोग्यता | सामान्य हिन्दी
ग्रामीण समाज एवं विकास | कम्प्यूटर ज्ञान

**Prepared by:**

Examcart Experts



AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS

EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

| | |
|---|---|
| Book Name | मध्य प्रदेश पटवारी चयन परीक्षा 2021 (सॉल्व्ड पेपर्स) |
| Editor Name | Rahul Agarwal |
| Edition | Latest |
| Published by | Agrawal Group Of Publications (AGP)<br>© All Rights reserved. |
| ADDRESS (Head office) | 28/115 Jyoti Block, Sanjay Place, Agra, U.P. 282002 |
| CONTACT | quickreply@agpgroup.in<br>We reply super fast |
| BUY BOOK | www.examcart.in<br>Cash on delivery available |
| WHATSAPP (Head office) | 8937099777 |
| PRINTED BY | Schoolcart |
| DESKTOP PUBLISHING | Agrawal Group Of Publications (AGP) |
| ISBN | 978-93-90587-56-8 |
| © COPYRIGHT | Agrawal Group Of Publications (AGP) |

**Disclaimer:** This teaching material has been published pursuant to an undertaking given by the publisher that the content does not in any way whatsoever violate any existing copyright or intellectual property right. Extreme care is put into validating the veracity of the content in this book. However, if there is any error found, please do report to us on the below email and we will re-check; and if needed rectify the error immediately for the next print.

## ATTENTION

No part of this publication may be re-produced, sold or distributed in any form or medium (electronic, printed, pdf, photocopying, web or otherwise) on Amazon, Flipkart, Snapdeal without the explicit contractual agreement with the publisher. Anyone caught doing so will be punishable by Indian law.

इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा प्रकाशक के साथ स्पष्ट संविदात्मक समझौते के बिना अमेज़न, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील पर किसी भी रूप या माध्यम (इलेक्ट्रॉनिक, मुद्रित, पीडीएफ, फोटोकॉपी, वेब या अन्यथा) में फिर से उत्पादित, बेचा या वितरित नहीं किया जा सकता है। जो कोई भी ऐसा करता हुआ पकड़ा जाएगा, वह भारतीय कानून द्वारा दंडनीय होगा।

**AGP contributes Rupee One** on every book purchased by you to the **Friends of Tribals Society** Organization for better education of tribal children.

# Why Agrawal Examcart books?

कुछ ही वर्षों में Agrawal Examcart की पुस्तकें शिक्षकों और छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय हो गयी हैं। हमारे Subject Experts पुस्तकों की विषय सामग्री पर विशेष ध्यान देते हैं। परीक्षा के पठ्यक्रमानुसार पाठ्यपुस्तकों और गाइडबुक्स के माध्यम से हम आपको syllabus-wise सटीक और सरल भाषा में Study Material प्रदान करते रहे हैं जिससे आपको कम समय में परीक्षा की तैयारी में मदद मिले। किसी भी परीक्षा सम्बन्धी practice set को तैयार करते समय, हमारा उद्देश्य यही रहता है कि आप अपनी परीक्षा की तैयारी का स्वयं मूल्यांकन 90% से अधिक सटीकता से कर सकें। यही कारण है कि प्रत्येक Practice set पिछले परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार किया जाता है और इसमें बहुत अच्छे प्रश्नों का संग्रह होता है।

**हम आपके सपनों को साकार करने में आपकी सहायता करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की आशा करते हैं!**

## कुछ महत्वपूर्ण जानकारी

### 1. Book Corner Page

Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक में एक Book Corner का पेज होता है। यह पेज आपको उस परीक्षा से सम्बंधित Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पेज पर दिए गए QR code या link का उपयोग करके, आप उन पुस्तकों के अध्याय पढ़ सकते हैं।

### 2. Agrawal Examcart Catalog

**https://bit.ly/exm8462**

Agrawal Examcart की आगामी परीक्षाओं के महत्वपूर्ण पुस्तकों की पूरी सूची देखने के लिए आप उपरोक्त लिंक का उपयोग करें। इस online पुस्तक सूची के माध्यम से आप हर पुस्तक के कुछ अध्यायों को पढ़ भी सकते हैं।

### 3. Whatsapp Helpline Service (8937099777)

Agrawal Examcart ने आपको परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए एक Whatsapp Helpline Service शुरू की है। ऊपर दिए whatsapp helpline नंबर के माध्यम से आप हमारे Experts से आगामी परीक्षाओं की जानकरी, किसी भी परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा सम्बंधित पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, किसी भी प्रश्न में संदेह और किसी परीक्षा को pass करने की tips और Tricks जानने के लिए बात करें।

### 4. Book Feedback

**https://bit.ly/examcartform**

आपकी प्रतिक्रिया / सुझाव हमारी पुस्तकों को बेहतर बनाने में हमारी बहुत मदद करते हैं। इस पुस्तक से सम्बंधित अपनी प्रतिक्रिया / सुझाव साझा करने के लिए उपरोक्त link का उपयोग करें।

### 5. Book Errors

**https://bit.ly/errorsbatao**

हम अपनी किताबों में त्रुटियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। आपका थोड़ा सा प्रयास अन्य छात्रों को त्रुटि मुक्त किताबें पढ़ने में मदद कर सकता है। इस पुस्तक में त्रुटियों को साझा करने के लिए उपरोक्त लिंक का उपयोग करें।

### 6. Agrawal Examcart Android App

अब आप Agrawal Examcart की सभी पुस्तकों को Online पढ़ सकते हैं और हमारे App पर आगामी परीक्षाओं की Online Quiz को attempt भी कर सकते हैं। App से सम्बंधित सभी जानकारी अगले पृष्ठ पर उपलब्ध है।

AGRAWAL EXAMCART
# is now ONLINE !

## खुशखबरी !!!

अब आप **Agrawal Examcart** की सभी पुस्तकों को **Online** पढ़ सकते हैं और
हमारे **App** पर आगामी परीक्षाओं की **Online Quiz** को **attempt** भी कर सकते हैं।

## हमारे App की विशेषताएं!!!

1. हमारी app को चलाना बेहद आसान है।
2. App आपको e-books पढ़ने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है।
3. App पर Online Quiz देते समय आपको वास्तविक online परीक्षा जैसा अनुभव प्राप्त होगा।
4. App के प्रत्येक online course में परीक्षा का पाठ्यक्रम, course की विशेषताएँ और हमारी Whatsapp Helpline Support Team से संपर्क करने की जानकारी उपलब्ध है।
5. हर Online Course को खरीदने से पहले आप कुछ विषय सामग्री को Free में देख सकते हैं।
6. Agrawal Examcart के experts ने प्रत्येक online course की विषय सामग्री को सम्बंधित आगामी परीक्षा के पाठ्यक्रमानुसार और विगत वर्षों के पेपर पैटर्न के अनुसार तैयार किया है।

## Guarantee !

"एकमात्र app जिसमें आपको परीक्षाओं से सम्बंधित सभी contents नए पाठ्यक्रमनुसार और परीक्षा पैटर्न अनुसार up-to-date मिलेंगे।"

ANDROID APP ON
Google Play

Agrawal Examcart
is available on
**Sikhaoo app**

**Download the Android App.**

**Step 1:** Google Playstore से Sikhaoo app को डाउनलोड करें।
**Step 2:** App को open करने पर आपसे institute का नाम पूछा जायेगा। वहाँ **Examcart** लिखें।
**Step 3:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

हमारे **app** के **features** एवं उसकी कार्य प्रणाली को समझने के लिए **15 seconds का Tutorial** देखें।
**http://bit.ly/sikhaoo**

## Laptop, Dekstop या iphone Users के लिए

**Step 1:** Mobile या Laptop Browser पर www.examcart.enggheads.com टाइप करें।
**Step 2:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

App पर Madhya Pradesh State category में MP Patwari course को click करके आप 3 online mock test free में दे सकते हैं।

# Book Corner

यह पेज मध्य प्रदेश **पटवारी चयन परीक्षा 2021** से संबंधित Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पेज पर दिए गए QR code या link का उपयोग करके, आप नीचे दी गयी पुस्तकों की सूची की हर पुस्तक के कुछ अध्यायों को पढ़ सकते हैं।

Scan QR code

or Type the link
**bit.ly/agp1129**

## परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें

| | |
|---|---|
| **MP Police Constable (GD) 2020-Solved Papers** | 1. 35 Solved Papers of 2017 |
| **MP Jail Prahari 2020 Guidebook (HM)** | 1. Book covers complete latest syllabus of Jail Prahari Exam<br>2. Chapterwise theory & questions<br>3. 1 latest solved paper (2018) & 1 Practice set |
| **MP Jail Prahari 2020 Practice sets (HM)** | 1. Book covers complete latest syllabus of Jail Prahari Exam<br>2. 20 Practice sets<br>3. 2 latest solved papers (2018) |
| **MPPEB 2020 All Exam Solved Papers (HEM)** | 1. Covers all latest exams papers<br>2. Bilingual Solved papers (Hindi & English)<br>3. 23 Solved Papers (2017-2018) of MP exams<br>4. Detailed solutions |
| **MPSI 2019-Solved Papers (Hindi)** | 1. 27 Solved papers of last year exams (2019) |
| **MPPSC 2021 Samanya Adhyayan Evam Aptitude Test (C-SAT) (Solved+Model) papers (HEM)** | 1. Bilingual Solved papers (Hindi & English)<br>2. 16 Solved Papers(2012-2020)<br>3. 10 Practice Sests<br>4. Best questions in practice sets |
| **MP Patwari 2021 Solved Papers** | 1. 39 Solved papers |
| **MP Patwari 2021 Practice Sets** | 1. 20 Practice sets |

Whatsapp Helpline number
**8937099777**
AGRAWAL EXAMCART

Agrawal Examcart ने आपको परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए एक Whatsapp Helpline Service शुरू की है। ऊपर दिए whatsapp helpline नंबर के माध्यम से आप हमारे Experts से आगामी परीक्षाओं की जानकारी, किसी भी परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा सम्बंधित पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, किसी भी प्रश्न में संदेह और किसी परीक्षा को pass करने की tips और Tricks जानने के लिए बात करें।

# विषय-सूची

पृष्ठ संख्या

## सॉल्व्ड पेपर्स 1-294


| | | |
|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 10.01.2018 | 1-7 |
| 2. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 29.12.2017 (प्रथम पाली) | 8-15 |
| 3. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 29.12.2017 (द्वितीय पाली) | 16-23 |
| 4. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 28.12.2017 (प्रथम पाली) | 24-31 |
| 5. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 28.12.2017 (द्वितीय पाली) | 32-38 |
| 6. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 27.12.2017 (प्रथम पाली) | 39-46 |
| 7. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 27.12.2017 (द्वितीय पाली) | 47-54 |
| 8. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 26.12.2017 (प्रथम पाली) | 55-61 |
| 9. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 26.12.2017 (द्वितीय पाली) | 62-69 |
| 10. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 24.12.2017 (प्रथम पाली) | 70-77 |
| 11. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 24.12.2017 (द्वितीय पाली) | 78-84 |
| 12. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 23.12.2017 (प्रथम पाली) | 85-91 |
| 13. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 23.12.2017 (द्वितीय पाली) | 92-99 |
| 14. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 22.12.2017 (प्रथम पाली) | 100-106 |
| 15. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 22.12.2017 (द्वितीय पाली) | 107-114 |
| 16. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 21.12.2017 (प्रथम पाली) | 115-121 |
| 17. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 21.12.2017 (द्वितीय पाली) | 122-129 |
| 18. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 20.12.2017 (प्रथम पाली) | 130-136 |
| 19. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 20.12.2017 (द्वितीय पाली) | 137-144 |
| 20. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 19.12.2017 (प्रथम पाली) | 145-151 |
| 21. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 19.12.2017 (द्वितीय पाली) | 152-158 |
| 22. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 18.12.2017 (प्रथम पाली) | 159-165 |
| 23. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 18.12.2017 (द्वितीय पाली) | 166-172 |
| 24. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 16.12.2017 (प्रथम पाली) | 173-180 |
| 25. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 16.12.2017 (द्वितीय पाली) | 181-188 |
| 26. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 15.12.2017 (प्रथम पाली) | 189-196 |
| 27. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 15.12.2017 (द्वितीय पाली) | 197-203 |
| 28. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 14.12.2017 (प्रथम पाली) | 204-210 |
| 29. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 14.12.2017 (द्वितीय पाली) | 211-218 |
| 30. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 13.12.2017 (प्रथम पाली) | 219-225 |
| 31. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 13.12.2017 (द्वितीय पाली) | 226-233 |
| 32. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 12.12.2017 (प्रथम पाली) | 234-240 |
| 33. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 12.12.2017 (द्वितीय पाली) | 241-248 |
| 34. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 11.12.2017 (प्रथम पाली) | 249-256 |
| 35. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 11.12.2017 (द्वितीय पाली) | 257-263 |
| 36. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 10.12.2017 (प्रथम पाली) | 264-271 |
| 37. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 10.12.2017 (द्वितीय पाली) | 272-278 |
| 38. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 09.12.2017 (प्रथम पाली) | 279-286 |
| 39. | मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न–पत्र 09.12.2017 (द्वितीय पाली) | 287-294 |

# मध्य प्रदेश पटवारी परीक्षा, हल प्रश्न-पत्र
# 12.12.2017 (प्रथम पाली)

## सामान्य ज्ञान

**1.** सिमलीपाल टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है?
(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र
(C) आंध्र प्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**2.** मानव मस्तिष्क की मध्यरेखा (प्रमस्तिष्क गोलार्ध के मध्य) में कौन–सी ग्रंथि उपस्थित है?
(A) अधिवृक्क (B) अवटुग्रंथि
(C) आग्न्याशय (D) पीनियल

**3.** कौन से ऐसे प्रथम प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने ने दो अलग–अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़े और दोनों से जीते?
(A) इंदिरा गाँधी
(B) नरेन्द्र मोदी
(C) पी वी नरसिम्हा राव
(D) वी पी सिंह

**4.** 'विश्व मधुमेह दिवस प्रत्येक वर्ष...........को मनाया जाता है।
(A) 14 नवंबर (B) 28 नवंबर
(C) 29 जून (D) 28 जून

**5.** भारत सरकार अधिनियम 1909 को.........के रूप में जाना जाता है।
(A) मोंटेग चेम्सफोर्ड सुधार
(B) मिंटो मॉर्ले सुधार
(C) कैबिनेट मिशन योजना
(D) क्रिप्स मिशन योजना

**6.** सितंबर, 2017 में भारतीय वरिष्ठ पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(A) शोर्ड मरिन (B) रोलेन्ट ओल्टमंस
(C) हरेंद्र सिंह (D) कॉलिन बैच

**7.** पहली 'पंचवर्षीय योजना' कब प्रभाव में आई थी?
(A) 1947 (B) 1950
(C) 1951 (D) 1955

**8.** भारत के किस राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे लंबा नेटवर्क है?
(A) आंध्र प्रदेश (B) राजस्थान
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

**9.** भारत में आ रही प्रस्तावित बुलेट ट्रेन द्वारा तय की गई दूरी कितनी होगी?
(A) 253 किमी (B) 306 किमी
(C) 469 किमी (D) 508 किमी

**10.** 2016 में 8 वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन............ में आयोजित हुआ था।
(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश
(C) गोवा (D) नई दिल्ली

**11.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश का सबसे ज्यादा आबादी वाला जिला कौन–सा है?
(A) भोपाल (B) ग्वालियर
(C) जबलपुर (D) इन्दौर

**12.** जबलपुर में स्थित महत्वपूर्ण किला.............. है।
(A) मदन महल किला (B) आमला किला
(C) महाराजा किला (D) राणा सांगा किला

**13.** महेश्वर..........नदी के किनारे पर स्थित हैं।
(A) चंबल (B) नर्मदा
(C) सोन (D) क्षिप्रा

**14.** गुना में मल्हारगढ़ किले में स्थित बावड़ी (स्टेप वेल) का नाम बताएँ?
(A) अहिल्या बावड़ी (B) कलापा बावड़ी
(C) सुल्तान बावड़ी (D) दोयाला बावड़ी

**15.** दमोह जिले में कुंडलपुर तीर्थयात्रा केंद्र किस विशेष धार्मिक संप्रदाय के लिए है?
(A) जैन (B) हिन्दुओं
(C) बौद्धों (D) पारसियों

**16.** दूधधारा और दुर्गाधारा जलप्रताप कहाँ स्थित हैं?
(A) सतना (B) पन्ना
(C) अनूपपुर (D) सीधी

**17.** 'भारत छोड़ो' आंदोलन कहाँ से आरंभ हुआ?
(A) नागपुर (B) साबरमती
(C) अमृतसर (D) मुम्बई

**18.** भारत में रहने वाले दलाई लामा किस चीनी प्रांत के निर्वासित नेता हैं?
(A) शेनझेन (B) ग्वांगझोउ
(C) तिब्बत (D) मकाउ

**19.** 2017 में संसद द्वारा पारित अखिल भारतीय कर का क्या नाम है?
(A) जीएसटी (B) वैट
(C) सेवा कर (D) लेवी

**20.** निम्नलिखित जिलों में से कौन–सा नर्मदापुरम संभाग का नहीं है?
(A) होशंगाबाद (B) बैतूल
(C) सीहोर (D) हरदा

## गणितीय अभियोग्यता

**21.** संख्या 64 और 36 में गुण है कि वे अपने इकाई अंक से विभाज्य हैं। 20 और 60 के बीच की संख्याओं में से ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके द्वारा इस गुण को सन्तुष्ट किया जाता है–
(A) 19 (B) 21
(C) 20 (D) 17

**22.** A एक व्यापार में ₹ 100000 निवेश करता है। चार माह पश्चात् B ₹ 5,0000 के साथ उसमें शामिल हो जाता है। B के शामिल होने के 2 माह पश्चात् C ₹ 150000 के निवेश के साथ शामिल हो जाता है। वर्ष के अन्त में, लाभ ₹ 50,000 था। लाभ में B का हिस्सा कितना है ?
(A) ₹ 24000 (B) ₹ 8000
(C) ₹ 18000 (D) ₹ 10000

**23.** 6 घण्टे में एक कार द्वारा की गई यात्रा की दूरी क्या है, यदि गति 55 किमी/घण्टा है ?
(A) 350 किमी (B) 330 किमी
(C) 340 किमी (D) 325 किमी

**24.** यदि $2x^2 + 2x + 9 = 0$, तो $(2x + 1)^2$ .......के बराबर है।
(A) 18 (B) 17
(C) –17 (D) 2

**25.** $\frac{10000}{10} \times 10^{-5} \times 10^{-8} \times \frac{1}{10^{-5}}$ का मान है–
(A) 0.000001 (B) 0.00001
(C) 0.0001 (D) 0.001

**26.** $\frac{3^{-5} \times 9^{-5}}{27^{-2} \times 243^{-2}}$ का मान = .........।
(A) 3 (B) 6
(C) 9 (D) 27

**27.** एक ट्रक को 4 मीटर लम्बी, 2 मीटर चौड़ी और 1 मी. ऊँचाई की रेत से भर दिया गया। यदि 1 घन मीटर की रेत की कीमत ₹ 1000 है, तो रेत की कीमत होगी–
(A) ₹ 1000 (B) ₹ 2000
(C) ₹ 8000 (D) ₹ 4000

**28.** $(x + 1)(x^2 - x + 1) = ?$
(A) $x^3 + 1$ (B) $x^3 - 1$
(C) $x^3$ (D) $x^3 + x^2 + 1$

**29.** (1.2) का वर्ग क्या है ?
(A) 1.44 (B) 14.4
(C) 0.144 (D) 0.0144

**30.** औसत निकालिए–
32, 58, 42, 27, 31
(A) 37 (B) 38
(C) 39 (D) 40

**31.** एक परीक्षा में एक विद्यार्थी 20% अंक प्राप्त करता है और 30 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। एक अन्य विद्यार्थी 32% अंक अर्जित करता है। लेकिन न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों से 42 अंक अधिक प्राप्त करता है। उत्तीर्ण प्रतिशत ज्ञात करें–
(A) 25% (B) 30%
(C) 28% (D) 22%

**32.** एक 150 मीटर लम्बी रेलगाड़ी, 60 किमी/घण्टे की गति से दौड़ती हुई एक पुल को 30 सेकण्ड में पार करती है। पुल की लम्बाई है–
(A) 350 मीटर (B) 500 मीटर
(C) 600 मीटर (D) 1000 मीटर

**33.** पाँच विद्यार्थियों ने सभी संभावित तरीकों में युग्मों में स्वयं का वजन किया। वजन 90 किग्रा, 92 किग्रा., 93 किग्रा, 94 किग्रा, 95 किग्रा, 96 किग्रा, 97 किग्रा, 98 किग्रा, 100 किग्रा और 101 किग्रा थे। पाँच लड़कों का कुल वजन क्या था ?
(A) 239 किग्रा. (B) 229 किग्रा.
(C) 230 किग्रा. (D) 240 किग्रा.

**34.** एक माता और एक पुत्री की वर्तमान आयु का योगफल 70 वर्ष है। 5 वर्ष पूर्व, माता की आयु पुत्री की आयु से 3 गुनी थी। पुत्री की वर्तमान आयु ज्ञात करें–
(A) 25 (B) 30
(C) 20 (D) 15

**35.** देसीकन का जन्म शनिवार 9, नवम्बर, 2002 को हुआ था। 2008 में उसके जन्मदिन पर सप्ताह का कौन–सा दिन होगा ?
(A) शनिवार (B) रविवार
(C) सोमवार (D) मंगलवार

**36.** रवि ने 460 रुपये में एक अनुच्छेद बेचा एवं 15% का लाभ प्राप्त किया। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए बिक्री कीमत होनी चाहिए–
(A) ₹ 483 (B) ₹ 480
(C) ₹ 498 (D) ₹ 485

**37.** यदि दो संख्याओं का योगफल 35 है और दीर्घत्तर संख्या, लघुत्तर से 21 अधिक है, तो दीर्घत्तर संख्या है–
(A) 30 (B) 28
(C) 20 (D) 14

**38.** दी गई संख्याओं में से कौन–सी बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित हैं ?
(A) 1/5 < 1/4 < 1/3 < 1/2
(B) 1/4 < 1/3 < 1/2 < 1/5
(C) 1/3 < 1/2 < 1/5 < 1/4
(D) 1/2 < 1/3 < 1/4 < 1/5

**39.** दशमलव के तीन स्थानों तक, 17.859076 का वर्गमूल है–
(A) 4.226 (B) 4.116
(C) 4.866 (D) 4.326

**40.** न्यूनतम पूर्ण वर्ग जो 3, 4, 5, 6 एवं 8 से विभाज्य है–
(A) 900 (B) 1200
(C) 2500 (D) 3600

## सामान्य हिन्दी

**41.** व्याकरण के नियमों में बँधे वाक्य में प्रयुक्त शब्द .......... कहलाते हैं।
(A) व्याकरण (B) वाक्य
(C) शब्द (D) पद

**42.** तद्भव शब्द का अर्थ है–
(A) उससे उत्पन्न (B) उससे विपरीत
(C) उससे सुनना (D) उससे कहना

**43.** दो भिन्न भाषाओं के शब्दों को मिलाकार बनाए गए शब्द हैं–
(A) देशज (B) शंकर
(C) संकर (D) विदेशी

**44.** निपुण का अर्थ छाँटिए–
(A) कुशल (B) सकुशल
(C) अकुशल (D) सक्षम

**45.** 'आना–जाना' इनमें से निम्न का उदाहरण है–
(A) विपरीतार्थक युग्म
(B) पर्याय युग्म
(C) सार्थक–निरर्थक युग्म
(D) अनेकार्थी

**46.** 'राजा' का पर्यायवाची निम्न में से कौन–सा है ?
(A) शर्वरी (B) भूतेश
(C) भूप (D) आर्यपुत्र

**47.** 'विष्णु का उपासक' के लिये एक शब्द निम्न में से कौन–सा है ?
(A) विश्नोपसक (B) विष्णु
(C) वैष्णव (D) उपासक

**48.** 'अन्वय' का संधि विच्छेद निम्न में से कौन–सा है?
(A) अनु + आया (B) अनु + आय
(C) अनु + अय (D) अन + वय

**49.** 'विस्तृत' का विलोम शब्द निम्न में से कौन–सा है ?
(A) विस्तार (B) निस्तार
(C) संक्षिप्त (D) संशिप्त

**50.** 'नि' उपसर्ग से बना शब्द निम्न में से कौन है ?
(A) निकम्मा (B) नीरज
(C) नीरा (D) नीरू

**51.** 'शतांश' शब्द में निम्न में से कौन–सा समास हैं?
(A) कर्मधारय समास (B) तत्पुरुष समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) द्विगु समास

**52.** 'सिक्का जमाना' मुहावरे के अर्थ निम्न में से कौन–सा है ?
(A) प्रभाव जमाना
(B) पैसा इकट्ठा करना
(C) पैर जमाना
(D) बैठ जाना

**53.** 'छुद्र' का शुद्ध रूप निम्न में से कौन–सा है ?
(A) क्षुद्र (B) छूद्र
(C) छद्र (D) क्षूद्र

**54.** देखरावा मातहि निज अद्भुत रूप अखण्ड।
रोम–रोम प्रति लगे कोटि–कोटि ब्रह्माण्ड।।
इन पंक्तियों में निम्न में से कौन–सा रस हैं ?
(A) करुण रस (B) वीर रस
(C) अद्भूत रस (D) शांत रस

**55.** लता भवन ते प्रगट भे, तेहि अवसर दोउं भाई।
निकसे जनु जुग विमल विधु जलद पटल विलगाई।।
में कौन–सा अलंकार है ? सही विकल्प चुनिए–
(A) श्लेष अलंकार (B) उत्प्रेक्षा अलंकार
(C) उपमा अलंकार (D) अनुप्रास अलंकार

**56.** उपयुक्त विलोम शब्द चुनिए–यथार्थ
(A) काल्पनिक (B) मौलिक
(C) अनुदित (D) अयथार्थ

**57.** निम्न में से शुद्ध वाक्य को चुनिए–
(A) मुझे इस कविता को पढ़कर आनंद का आभास हुआ।
(B) मुझे इस कविता को पढ़कर आनंद का ज्ञान हुआ।
(C) मुझे इस कविता को पढ़कर आनंद का अनुभव हुआ।
(D) मुझे इस कविता को पढ़कर आनंद ही आनंद हुआ।

**58.** माखन-चोर में कौन–सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व
(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

**59.** 'बाण और तालाब' के भिन्न–भिन्न अर्थ बताने वाले शब्द की सही जोड़ी है–
(A) शर–सिंधु (B) कृपाण–उदधि
(C) शर–सर (D) सेंधव–पुष्कर

**60.** 'जलवायु' निम्न में से किस समास का उदाहरण है ?
(A) द्वंद्व समास (B) तत्पुरुष समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) द्विगु समास

## ग्रामीण समाज एवं विकास

**61.** प्रो.एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में ..... ने अक्टूबर 2006 में अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश की।
(A) नेशनल कमीशन ऑन फॉरेस्ट (वनों पर राष्ट्रीय आयोग)
(B) नेशनल कमीशन ऑन फार्मर्स (किसानों पर राष्ट्रीय आयोग)

(C) नेशनल कमीशन ऑन रूरल इकोनॉमी (ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय आयोग)
(D) नेशनल कमीशन ऑन पंचायती राज (पांचायती राज पर राष्ट्रीय आयोग)

**62.** मध्य प्रदेश शासन द्वारा शुरू की गयी पंच परमेश्वर योजना का उद्देश्य क्या है ?
(A) ग्राम पंचायतों का सशक्तीकरण
(B) सरपंचों को सहायता प्रदान करना
(C) ग्रामीण रोजगार प्रदान करना
(D) राज्य के 5 बड़े शहरों का विकास करना

**63.** ''फार्म टु फॉर्क'' मध्य प्रदेश की किस नीति का दृष्टिकोण है ?
(A) राज्य मत्स्य पालन नीति
(B) राज्य आईटी नीति
(C) राज्य जैविक खेती नीति
(D) राज्य सोयाबीन कृषि नीति

**64.** मध्य प्रदेश में निम्नलिखित में से क्या कुटीर उद्योग के अंतर्गत नहीं आता है ?
(A) पत्थर पर नक्काशी
(B) खिलौने बनाना
(C) हथकरघा
(D) जूते बनाना

**65.** 2022 तक किसानों की आय को दोगुनी कर एक खाका तैयार करने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सी समिति गठित की गई है ?
(A) डी.आर. गाडगिल कमेटी
(B) कस्तूरी रंगन कमेटी
(C) अशोक दल्वई कमेटी
(D) जस्टिम लोढ़ा कमेटी

**66.** कृषि क्षेत्र में समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने किस ऑनलाइन सुविधा की शुरुआत की है ?
(A) ई–कृषि संवाद (B) ई–कृषि समाधान
(C) ई–कृषि सल्यूशंस (D) ई–कृषि समर्थन

**67.** कृषि मूल्य आयोग और भारतीय खाद्य निगम . .......... में गठित किए गए थे।
(A) 1960 (B) 1965
(C) 1996 (D) 1969

**68.** मध्य प्रदेश ट्रैक्टर द्वारा खेती (प्रभारों की वसूली) अधिनियम को ........... में राज्यपाल की सहमति मिली।
(A) 1936 (B) 1947
(C) 1956 (D) 1973

**69.** मनरेगा को कब से अधिनियमित किया गया था ?
(A) 2005 (B) 2008
(C) 2006 (D) 2007

**70.** मध्य प्रदेश में निम्नलिखित में से किस औषधीय पौधे की खेती नहीं की जाती है ?
(A) लेमन ग्रास (B) धनिया
(C) सफेद मूसली (D) तुलसी

**71.** नेशन बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापना वर्ष .............. में हुई थी।
(A) 1969 (B) 1975
(C) 1982 (D) 1994

**72.** निम्नलिखित में से किसे बैंकों द्वारा वित्तपोषण के लिए प्राथमिक क्षेत्र के रूप में माना जाता है ?
(A) उद्योग (B) सेवा
(C) कृषि (D) बड़े व्यापार

**73.** ग्रमीण आवास योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण कार्यकताओं को ............... के द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित किया जाता है।
(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(B) संबंधित पंचायतें
(C) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम
(D) नाबार्ड

**74.** मध्य प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर पहले राज्य के अत्याधुनिक रसद और कृषि व्यवसाय केंद्र की स्थापना ........... में की गई है।
(A) हौशंगाबाद (B) भोपाल
(C) जबलपुर (D) सिवनी

**75.** नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (राष्ट्रीय मत्स्य विकास विकास बोर्ड) .............. में स्थित है।
(A) हैदराबाद (B) गोवा
(C) मुंबई (D) चेन्नई

**76.** पशुधन जनगणना भारत में हर ............... वर्ष में आयोजित की जाती है।
(A) 5 (B) 4
(C) 3 (D) 10

**77.** दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ने निम्नलिखित में से किस योजना को प्रतिस्थापित किया है ?
(A) इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम
(B) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना
(C) सांसद आदर्श योजना
(D) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

**78.** 2016 में शुरू हुई नेशनल एग्रीकल्चरल मार्केट (राष्ट्रीय कृषि बाजार) एक ........... है।
(A) कृषि वस्तुओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल
(B) एपीएमसी
(C) नई दिल्ली में कृषि उत्पाद के लिए राष्ट्रीय बाजार
(D) कृषि निर्यात क्षेत्र

**79.** मध्य प्रदेश में एग्री एक्पोर्ट जोन (कृषि निर्यात क्षेत्र) का उद्देश्य क्या है ?
(A) कृषि मशीनरी का निर्यात करना
(B) कृषि तकनीकी का निर्यात करना
(C) किसी विशिष्ट उत्पाद के निर्यात में बढ़ोत्तरी करना
(D) उत्पादों का प्रसंस्करण के लिए आयात करना और फिर निर्यात करना

**80.** निम्नलिखित में से कौन–सा 'मध्य प्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (मध्य प्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम) का एक कार्य नहीं है ?
(A) उर्वरक का निर्माण
(B) कृषि प्रौद्योगिकी में शोध
(C) सब्जियों एवं फलों का विपणन
(D) बीजों का विपणन

## कम्प्यूटर ज्ञान

**81.** एमएस ऐक्सल में, कॉलमों को A से लेकर Z कॉलम पहुँचने तक नम्बर्ड किया जाता है। Z कॉलम के बाद, सीरिज .............. से शुरू हो जाती है और इसी प्रकार आगे बढ़ती रहती है।
(A) AA, AB,..... (B) A1, A2 .......
(C) 1A, 2B ...... (D) 11A, 22B.....

**82.** एक वेबसाइड ........... कुकी होती है।
(A) गैर–अस्थिर (B) अस्थिर
(C) अस्थायी (D) सैद्धांतिक

**83.** ई–मेल का पूर्ण रूप होता है–
(A) इलेक्ट्रॉनिक मैन
(B) इलेक्ट्रॉमैग्नेटिक मेल
(C) इलेक्ट्रॉनिक मेल
(D) इंजन मेल

**84.** ......... का मुख्य उद्देश्य आपके कम्प्यूटर में इंटरनेट के माध्यम में अनाधिकृत एक्सेस की रोकथाम करना होता है।
(A) पॉपअप ब्लॉकर
(B) फॉयरवॉल
(C) स्पाईवेयर ब्लॉकर
(D) स्पैम असैसिन

**85.** निम्न में से क्या एक कम्प्यूटर क्लासीफिकेशन (वर्गीकरण) है?
(A) सुपर कम्प्यूटर
(B) विंडोज
(C) एंड्रॉयड
(D) मैक ओएस

**86.** एमएस एक्सेल में, सेव फाइल का एक्सटेंशन क्या है?
(A) xls (B) xks
(C) xbs (D) xos

**87.** एमएस वर्ड 2007 में, हम कैरेक्टर्स को निम्नलिखित मैनर '**diamond**' में किस प्रकार सेट कर सकते हैं?
(A) छोटे फॉन्ट्स का उपयोग करके
(B) स्ट्राइकथ्रू के रूप में फॉन्ट को सेट करना
(C) टेक्स्ट को शीर्ष पर इंडेन्ट करके
(D) स्मार्टआर्ट का उपयोग करके

**88.** प्राप्त मेल को किसी दूसरे व्यक्ति को भेजने के लिए आपको उसी मेल को ........... करना पड़ेगा।
(A) रिप्लाई टू (B) फॉरवर्ड
(C) रिप्लाई ऑल (D) कॉपी

**89.** एक मेगाबाइट के बराबर कितने बाइट होते हैं?
(A) $2^{10}$ बाइट (B) $2^{20}$ बाइट
(C) $2^{30}$ बाइट (D) $2^{40}$ बाइट

**90.** किस प्रकार एमएस एक्सेल में सेल के निर्धारित सेट में नम्बरों की गणना की जाती है, को जानने के लिए किस व्यंजक (एक्सप्रेशन) का इस्तेमाल किया जाता है?
(A) फॉर्मूला (B) फील्ड
(C) डाटा (D) क्वेरी

**91.** एमएस वर्ड डॉक्यूमेंट 2007 में, निम्न में से कौन–सी शॉर्टकट की, डॉक्यूमेंट में से किसी भाग को कॉपी करने के लिए प्रयुक्त होती है?
(A) CTRL + N (B) CTRL + O
(C) CTRL + C (D) CTRL + S

**92.** एमएस वर्ड में किसी ऑपरेशन को 'undo' करने के लिए इनमें से किसी शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?
(A) Ctrl + X (B) Ctrl + O
(C) Ctrl + Z (D) Ctrl + N

**93.** एक वर्ड प्रोसेसर का सर्वश्रेष्ठ रूप से उपयोग निम्न के लिए किया जाता है–
(A) चित्र को पेंट करने के लिए
(B) डायग्राम बनाने के लिए
(C) स्टोरी टाइप करने के लिए
(D) आय और व्यय निकालने के लिए

**94.** एक कम्प्यूटर में मात्र एक ही प्रोसेसर होता है जिसे निम्न नाम से जाना जाता है–
(A) यूनिप्रोसेसर (B) मल्टीप्रोसेसर
(C) मल्टीथ्रेडेड (D) मल्टी–मीटर

**95.** एक स्टैंडर्ड की–बोर्ड में कितनी 'Ctrl' की उपलब्ध होती है ?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**96.** निम्नलिखित में से किस कुंजी का इस्तेमाल एक वर्ड या लाइन को डिलीट करने के लिए किया जाता है?
(A) Alt (B) Shift
(C) Insert (D) Backspace

**97.** एक कम्प्यूटर के चार प्रमुख कार्यो का निम्न में से कौन–सा क्रम सही है?
(A) प्रोसेस, आउटपुट, इनपुट, स्टोरेज
(B) इनपुट, आउटपुट, प्रोसेस, स्टोरेज
(C) प्रोसेस, स्टोरेज, इनपुट, आउटपुट
(D) इनपुट, प्रोसेस, आउटपुट, स्टोरेज

**98.** "TXT" एक्सटेंशन, सामान्य रूप में किस प्रकार की फाइल को संदर्भित करता है?
(A) टेक्स्ट फाइल
(B) इमेज फाइज
(C) ऑडियो फाइल
(D) एडोब एक्रोबेट फाइल

**99.** निम्न में से कौन–सी एक इनपुट डिवाइस नहीं है?
(A) ओसीआर (B) की–बोर्ड
(C) मॉनिटर (D) एमआईसीआर

**100.** इंटरनेट एक ........... है।
(A) नेटवर्क्स का नेटवर्क
(B) वेबसाइट
(C) होस्ट
(D) सर्वर

# व्याख्यात्मक हल

## सामान्य ज्ञान

**1.** (A) सिमलीपाल टाइगर रिजर्व ओडिशा राज्य के मयूरभंज जिले में स्थित है। यह एक राष्ट्रीय उद्यान है, तथा एक हाथी अभयारण्य है। सेमल या लाल कपास के पेड़ों के कारण इसका नाम सिमलीपाल पड़ा। सन् 1956 में इस अभयारण्य को अधिकारिक रूप से टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था।

**2.** (D) पीनियल ग्रंथि एक अंतःस्रावी ग्रंथि है, जो कि मानव मस्तिष्क की मध्य रेखा में उपस्थित रहती है। यह ग्रंथि मेलाटोनिन हार्मोन का स्राव करती है जो कि शरीर के जैविक चक्र को नियन्त्रित करता है। पीनियल ग्रन्थि को पीनियल पिंड, एपिफीसिस सेरीबरी, एपिफीसिस या तीसरा नेत्र भी कहा जाता है।

**3.** (B) ये गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। नरेन्द्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में वडोदरा (गुजरात) तथा वाराणसी (उ. प्र.) से चुनाव लड़ा और दोनों जगह जीत हासिल की। चुनाव परिणाम के बाद नरेन्द्र मोदी ने सबसे अधिक अंतर से जीती वडोदरा सीट से इस्तीफा देकर वाराणसी सीट से प्रतिनिधित्व करने का फैसला लिया था।

**4.** (A) भारत में विश्व के सबसे अधिक मधुमेह रोगी पाए जाते हैं। हर साल 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। विश्व मधुमेह दिवस का प्रारम्भ अन्तर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था। पहली बार 1991 में इसकी शुरुआत की गई थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को मधुमेह की बीमारी से जागरूक करना है।

**5.** (B) इनका कार्यकाल 2020 टोक्यो ओलंपिक तक था। भारत सरकार अधिनियम 1909 को मिंटो मार्ले सुधार के रूप में जाना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उदारवादी गुट के नेता गोपाल कृष्ण गोखले ने इंग्लैण्ड जाकर भारत मंत्री लॉर्ड जॉन मार्ले से मिले। इस तरह गोपाल कृष्ण गोखले ने लॉर्ड जॉन मार्ले और भारत के वायसराय लॉर्ड मिंटो को विश्वास दिलाया, कि भारत को संवैधानिक सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। भारतीय परिषद् अधिनियम 1909 में लाया गया, जिसे मार्लेमिंटो सुधारों के रूप में जाना जाता है। इसके अनुसार भारतीयों की शासन में सीमित रूप से भागीदारी बढ़ानी थी।

**6.** (A) एस जोर्ड मरिन एक पूर्व डच हॉकी खिलाड़ी हैं तथा वर्तमान में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच हैं तथा भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह हैं।

**7.** (C) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने 8 दिसम्बर, 1951 को प्रथम पंचवर्षीय योजना संसद में प्रस्तुत की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि तथा सिंचाई सुविधा को विकसित करना था। 1 जनवरी, 2015 में पंचवर्षीय योजना विकसित करके योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन किया गया। नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री राजीव कुमार हैं।

**8.** (D) उत्तर प्रदेश में भारत के राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे लम्बा नेटवर्क है। उत्तर प्रदेश में 35 राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क नेटवर्क का केवल 2% है परन्तु कुल सड़क यातायात का कुल 40% बोझ इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर है।

**9.** (D) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन परियोजना का शिलान्यास किया है। यह बुलेट ट्रेन मुम्बई–अहमदाबाद के बीच 508 किमी की दूरी तय करेगी। इस दूरी को यह ट्रेन केवल तीन घंटे में तय करेगी। भारत में 2022 तक इस ट्रेन के चलने की उम्मीद है।

**10.** (C) इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत ने की। 2016 का 8वाँ ब्रिक्स सम्मेलन गोवा में आयोजित हुआ था। इसका आयोजन 15 से 16 अक्टूबर, 2016 तक गोवा में हुआ था। ब्रिक्स के पाँच सदस्य देश–ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका हैं। 25–27 जुलाई, 2018 में ब्रिक्स सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित हुआ। ग्यारहवाँ ब्रिक्स सम्मेलन अक्टूबर, 2019 में ब्राजील में आयोजित किया जायेगा।

**11.** (D) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश का सबसे ज्यादा आबादी वाला जिला इन्दौर है।
सर्वाधिक जनसंख्या वाले 5 जिले–इन्दौर, जबलपुर, सागर, भोपाल, रीवा (घटते क्रम में)

न्यूनतम जनसंख्या वाले 5 जिले–हरदा, उमरिया, श्योपुर, डिंडोरी, अलीराजपुर (बढ़ते हुए क्रम में)

**12.** (A) इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में हुआ। राजा मदन सिंह द्वारा बनवाया गया यह किला जबलपुर शहर से दो किमी दूर पहाड़ी पर स्थित है। यह किला रानी दुर्गावती से भी सम्बन्धित है, जो कि गोंड राजवंश की बहादुर रानी थी। यहाँ पर सैनिकों के लिए आवास बने हुए हैं।

**13.** (B) महेश्वर शहर नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ है। यह खरगोन जिले के अन्तर्गत आता है। महेश्वर का प्राचीन नाम महिस्मती भी है। यह नगर सुन्दर घाटों तथा महेश्वरी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है।

**14.** (D) दोयाला बावड़ी चंदेरी में स्थित मल्हारगढ़ किले में स्थित है। यह किला मूंगावली स्टेशन के नजदीक है। इसके अन्य नाम पथोरिगढ़ किला या हसनगढ़ किला भी हैं। इस किले की स्थापना मल्हार राव होल्कर ने की थी। दोयाला बावड़ी के चारों ओर आवासीय कक्ष हैं तथा श्रावण महीने में यहाँ पर हिंडोले डाले जाते थे, जिसके कारण इसका नाम दोयाला बावड़ी पड़ा। यह किले के पूर्वी भाग में स्थित है।

**15.** (A) यहाँ पर श्रीधर केवती को मोक्ष प्राप्त हुआ। कुंडलपुर, दमोह जिले में स्थित जैन धर्म का एक पवित्र स्थल है। इसे कुंडलगिरी सिद्ध क्षेत्र भी कहा जाता है। यहाँ पर ऋषभनाथ (आदिनाथ) की मूर्ति है, जो कि पद्मासन में है। ऋषभदेव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं।

**16.** (C) कपिल धारा जल प्रपात से 1 किमी दूर दूध ाधारा जल प्रताप है। इसकी ऊँचाई 10 फुट है। दुर्गा धारा जल प्रपात भी अमरकंटक में स्थित है, जिसको अमर नाला भी कहते हैं। अमर कंटक में कपिल धारा, दूध धारा तथा दुर्गा धारा जल प्रपात स्थित हैं। अमर कंटक अनूपपुर जिले में स्थित है।

**17.** (D) क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद गाँधी जी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ नया आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया था। 8 अगस्त, 1942 को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस के सत्र में 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' का प्रस्ताव दिया गया था। 9 अगस्त, 1942 को मुम्बई (बम्बई) में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई थी।

**18.** (C) दलाई लामा तिब्बत प्रान्त के निर्वासित नेता हैं तथा भारत के धर्मशाला में शरण पाये हुए हैं। दलाई लामा चौदहवें दलाई लामा हैं। इनका वास्तविक नाम तेनजिन ग्यात्सो है। 29 मई, 2011 तक यह तिब्बत के राजकीय प्रमुख थे। वर्ष 1959 में चीन की सेना ने ल्हासा में तिब्बत के संघर्ष को कुचल दिया था, तब से वह भारत में शरण लिये हुए हैं।

**19.** (A) जी एस टी (गुड्स एवं सर्विसेज टैक्स) भारत में 1 जुलाई, 2017 से लागू अप्रत्यक्ष कर की व्यवस्था है। जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था को एक कर वाली अर्थव्यवस्था बना देगा। फिलहाल भारत में 17 अलग–अलग प्रकार के कर थे, जो कि जी एस टी के आने के बाद समाप्त हो गये हैं।

**20.** (C) 27 अगस्त, 2008 में बने नर्मदापुरम संभाग में होशंगाबाद, हरदा और बैतूल जिले हैं। ये तीन जिले पहले भोपाल संभाग के भाग थे।

## गणितीय अभियोग्यता

**21.** (D) ऐसी संख्याएँ जो स्वयं अपने इकाई अंक से विभाज्य है। 20 से 60 के बीच में ऐसी 17 संख्याएँ हैं। जैसे = 36, 45, 52

**22.** (B) A का निवेश = ₹ 100000

4 माह बाद B का निवेश = ₹ 50000

B के 2 माह बाद C का निवेश = ₹ 150000

A, B तथा C के निवेश में अनुपात

= 12 : 4 : 9

कुल लाभ = ₹ 50,000

प्रश्नानुसार,

$12x + 4x + 9x = 25x = 50,000$

$x = 2000$

अतः B का लाभ = $4x$

= ₹ 8000

**23.** (B) कार की गति = 55 किमी/घण्टा

समय = 6 घण्टे

तय दूरी = चाल × समय

= 55 × 6

तय दूरी = 330 किमी.

**24.** (C) $2x^2 + 2x + 9 = 0$

$2x^2 + 2x = -9$

$(2x + 1)^2 = 4x^2 + 4x + 1$

$= 2(-9) + 1$

$= -18 + 1 = -17$

अतः $(2x + 1)^2 = -17$

**25.** (B) $\frac{10000}{10} \times 10^{-5} \times 10^{-8} \times \frac{1}{10^{-5}}$

$= 10^4 \times 10^{-9}$

$= 10^{-5}$

$= 0.00001$

**26.** (A) $\frac{3^{-5} \times 9^{-5}}{27^{-2} \times 243^{-2}}$

$\Rightarrow = \frac{3^{-5} \times (3^2)^{-5}}{(3^3)^{-2} \times (3^5)^{-2}}$

$\Rightarrow = \frac{3^{-5} \times 3^{-10}}{3^{-6} \times 3^{-10}}$

$= (3)^{-5-10+6+10}$

$= (3)^1 = 3$

**27.** (C) रेत का आयतन = 4 × 2 × 1

= 8 घन मीटर

∵ 1 घन मीटर रेत का मूल्य = ₹ 1000

∴ 8 घन मीटर रेत का मूल्य = ₹ 8000

**28.** (A) $(x + 1)(x^2 - x + 1) = x^3 + 1^3$

∵ $[(a + b)(a^2 + b^2 - ab = a^3 + b^3]$

$= x^3 + 1$

**29.** (A) (1.2) का वर्ग = $(1.2)^2$

= 1.44

**30.** (B) 32, 58, 42, 27, 31

का औसत = $\frac{32+58+42+27+31}{5}$

औसत = $\frac{190}{5} = 38$

**31.** (A) विद्यार्थी को 20% अंक पाने के बाद पास होने के लिए आवश्यक अंक = 30

विद्यार्थी को 32% अंक प्राप्त करने के लिये पास अंकों से अधिक अंक = 42

अतः 12% = 42 + 30 = 72

100% = 600

अतः पूर्णांक = 600

विद्यार्थी को मिले अंक = $600 \times \frac{20}{100}$

= 120

पास होने के लिए आवश्यक अंक

= 120 + 30 = 150

उत्तीर्ण होने के लिए प्रतिशत अंक

$= \frac{150}{600} \times 100$

= 25%

**32.** (A) माना पुल की लम्बाई = $x$

$\frac{150 + x}{60 \times \frac{5}{18}} = 30$

$(150 + x) \times 18 = 30 \times 60 \times 5$

$150 + x = 500$

$x = 350$ मीटर

अतः पुल की लम्बाई = 350 मीटर

**33.** (A) पाँचों विद्यार्थियों द्वारा सभी सम्भावित तरीकों से किया गया वजन का योग–

$= \frac{90+92+93+94+95+96+97+98+100+101}{4}$

$= \frac{956}{4} = 239$ किग्रा.

अतः कुल वजन = 239 किग्रा.

**34.** (C) माना पुत्री की वर्तमान आयु = $x$

माता की वर्तमान आयु = $70 - x$

5 वर्ष पूर्व,

$$(70 - x - 5) = 3(x - 5)$$
$$70 - x - 5 = 3x - 15$$
$$4x = 80$$
$$x = 20$$

अतः पुत्री की वर्तमान आयु = 20 वर्ष

**35.** (B) देसीकन का जन्म

9 नवम्बर 2002 में शनिवार को हुआ

9 नवम्बर 2008 में जन्म–दिन पर

6 वर्षों में 2 लीप वर्ष होंगे

$\frac{6+2}{7} \Rightarrow 1$ अतिरिक्त दिन

शनिवार + 1 = रविवार

अतः 9 नवम्बर 2008 में उसका जन्मदिन रविवार को होगा।

**36.** (B) वस्तु का विक्रय मूल्य = 460

लाभ = 15%

माना क्रय मूल्य = $x$

$$x \times \frac{115}{100} = 460$$

$x =$ ₹ 400 रुपये

नया लाभ = 20%

विक्रय मूल्य = $400 \times \frac{120}{100} =$ ₹ 480

**37.** (B) माना बड़ी संख्या = $x$

छोटी संख्या = $35 - x$

अतः $x - (35 - x) = 21$

$$2x = 21 + 35 = 56$$
$$x = 28$$

अतः दीर्घत्तर संख्या = 28

**38.** (A) $\frac{1}{5} < \frac{1}{4} < \frac{1}{3} < \frac{1}{2}$

बढ़ते क्रम में

**39.** (A) संख्या 17.859076 का वर्गमूल

| | 4.226 |
|---|---|
| 4 | 17.859076 |
| +4 | 16 |
| 82 | 185 |
| +2 | 164 |
| 842 | 2190 |
| +2 | 1684 |
| 8446 | 50676 |
| | 50676 |
| | × |

अतः वर्गमूल = 4.226

**40.** (D) न्यूनतम पूर्ण वर्ग, जो 3, 4, 5, 6 तथा 8 से विभाज्य है

= 3600

## सामान्य हिन्दी

**41.** (D) व्याकरण के नियमों में बंधे वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पद' कहलाते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

**42.** (A) तद्भव शब्द का अर्थ है—'उससे उत्पन्न'। तद्भव शब्द तत् + भव से मिलकर बना है। अर्थात् वे शब्द जो संस्कृत से उत्पन्न या विकसित हुए हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**43.** (C) दो भिन्न भाषाओं के शब्दों को मिलाकर बनाए गए शब्द 'संकर' शब्द कहलाते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**44.** (A) दिए गये शब्द निपुण का अर्थ 'कुशल' होगा। अतः विकल्प (A) सही है।

**45.** (A) 'आना–जाना' विपरीतार्थक युग्म के उदाहरण हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**46.** (C) 'राजा' का पर्यायवाची शब्द 'भूप' है। राजा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं—नृप, महीप, नरेश, नरेन्द्र, सम्राट आदि। अतः विकल्प (C) सही है।

**47.** (C) 'विष्णु का उपासक' के लिए एक शब्द 'वैष्णव' होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

**48.** (C) 'अन्वय' का संधि विच्छेद अनु + अय होगा। अन्वय शब्द में यण संधि होगी। अतः विकल्प (C) सही है।

**49.** (C) 'विस्तृत' शब्द का विलोम शब्द 'संक्षिप्त' होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

**50.** (A) 'नि' उपसर्ग से बना शब्द 'निकम्मा' होगा। 'नि' का अर्थ होगा—निषेध, अभाव। अतः विकल्प (A) सही है।

**51.** (D) 'शतांश' शब्द से 'द्विगु समास' है। 'शतांश' शब्द का समास विग्रह होगा—'शत (सौवाँ) अंश'। जिस समास का प्रथम पद संख्या वाचक तथा अंतिम पद संज्ञा हो उसे द्विगु समास कहते हैं।

**52.** (A) 'सिक्का जमाना' मुहावरे का अर्थ होगा—'प्रभाव जमाना'। वाक्य प्रयोग—'घनश्याम ने कार्यालय में सभी के ऊपर अपना सिक्का जमा रखा है।' अतः विकल्प (A) सही है।

**53.** (A) 'छुद्र' का शुद्ध रूप विकल्प (A) में दिया गया शब्द 'क्षुद्र' होगा। क्षुद्र का अर्थ है—नगण्य, महत्वहीन।

**54.** (C) उपर्युक्त पंक्तियों में 'अद्भुत' रस है। आश्चर्यजनक वर्णन एवं विस्मय भाव की परिपक्वावस्था को अद्भुत रस कहते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**55.** (B) उपर्युक्त पंक्तियों में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है। जब उपमेय में उपमान की संभावना व्यक्त की जाये, तब उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। अतः विकल्प (B) सही है।

**56.** (A) दिए गये शब्द 'यथार्थ' का विलोम 'काल्पनिक' होगा। अतः विकल्प (A) सही है।

**57.** (C) विकल्प (C) में दिया गया वाक्य—'मुझे इस कविता को पढ़कर आनन्द का अनुभव हुआ।' शुद्ध है। विकल्प (A, B तथा D) में शब्द चयन सम्बन्धी अशुद्धि है। अतः विकल्प (C) सही है।

**58.** (D) 'माखन–चोर' शब्द में 'कर्म तत्पुरुष' समास है। माखन चोर का समास विग्रह होगा—'माखन को चुराने वाला'।

**59.** (C) 'बाण और तालाब' के भिन्न–भिन्न अर्थ वाले शब्द की सही जोड़ी—'शर–सर' है। अतः विकल्प (C) सही है।

**60.** (A) 'जलवायु' शब्द द्वन्द्व समास का उदाहरण है। 'जलवायु' का समास विग्रह होगा—'जल और वायु'।

## ग्रामीण समाज एवं विकास

**61.** (B) किसानों के हित के प्रावधान तथा आर्थिक सहायता हेतु एक बैठक बुलाई गई जिसमें किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक विशेषज्ञों की समिति प्रो. एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में बनी जिसने अपनी रिपोर्ट 2006 में प्रस्तुत की।

**62.** (A) मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रारंभ की गई पंच परमेश्वर योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण से है। इस योजना के अंतर्गत हम पंचायत में चल रहे सभी कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**63.** (C) फॉर्म टू फॉर्क नीति का उद्देश्य राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत जैविक खेती में व्यर्थ जैविक उत्पादों को सड़ाकर खाद के रूप में उपयोग में लाया जाता है।

**64.** (D) मध्य प्रदेश में पत्थर पर नक्काशी, खिलौने बनाना, हथकरघा, पापड़ उद्योग, सिलाई कुटीर उद्योगों के अंतर्गत आते हैं क्योंकि इसमें कम लागत आती है। जबकि जूते बनाना वृहत उद्योग है।

**65.** (C) 2022 तक किसानों की आय को दोगुनी कर एक खाका तैयार करने के लिए अशोक दलवा कमेटी का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य किसानों की उन्नत खेती हेतु प्रशिक्षण देने का कार्य करना है।

**66.** (A) कृषि क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार ने ई–कृषि संवाद सुविधा प्रदान की है। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सुझाव दिए जाएँगे।

**67.** (B) कृषि मूल्य आयोग और भारतीय खाद्य नियम को 1965 में गठित किया गया था। इसका उद्देश्य किसानों से उचित मूल्य पर फसल खरीदकर उसे बाजारों में बेचना है।

**68.** (D) मध्य प्रदेश ट्रेक्टर द्वारा खेती (प्रभारों की वसूली) अधिनियम को 1973 में राज्यपाल की सहमति मिली।

**69.** (A) महात्मा गाँधी स्वरोजगार योजना का शुभारंभ 2005 में किया गया था। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

**70.** (B) मध्यप्रदेश में धनिया की खेती नहीं की जाती है।

**71.** (C) नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्वर एंड रूरल डेवलपमेंट (कृषि व ग्रामीण विकास बैंक) की स्थापना 1982 में हुई। यह कृषि संसाधनों, बीज को न्यूनतम ब्याज पर किसानों को उपलब्ध कराता है।

**72.** (C) बैंकों द्वारा सबसे पहले कृषि हेतु वित्त का वितरण किया जाता है, क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा कृषि ही हमारे देश की मुख्य व्यवसाय है।

**73.** (C) ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत ग्रामीण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित किया जाता है। जिससे वे आधुनिक तकनीकों के उपयोग द्वारा कृषि पर अधिक लाभ कमा सकें।

**74.** (A) मध्य प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर राज्य पहले के अत्याधुनिक रसद व कृषि व्यवसाय केन्द्र की स्थापना होशंगाबाद में की गई।

**75.** (A) नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड हैदराबाद में स्थित है। यह संस्था राष्ट्रीय स्तर पर मत्स्य पालन के द्वारा भोज्य पदार्थों की आपूर्ति के संबंध में शोध कार्य करती है।

**76.** (A) पशुधन जनगणना भारत में हर पाँच वर्ष में आयोजित की जाती है।

**77.** (B) दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना ने राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को प्रतिस्थापित किया है। यह केन्द्र द्वारा चलाई गई योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों तक विद्युत को 24 घंटे तथा कृषि विद्युत को 6-10 घंटे तक उपलब्ध कराके उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना है।

**78.** (A) 2016 में शुरु हुआ नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट एक ई–बाजार है। जिसके द्वारा कृषि वस्तुओं को इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल द्वारा खरीद–बिक्री करने का कार्य किया जाता है।

**79.** (C) मध्य प्रदेश में एग्री–एक्सपोर्ट जोन का उद्देश्य मध्य प्रदेश में किसी विशिष्ट उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देना है।

**80.** (B) मध्य प्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का कार्य सब्जियों, फलों का विपणन के अतिरिक्त बीजों का विपणन, उर्वरक–निर्माण आदि है।

## कम्प्यूटर ज्ञान

**81.** (A) एमएस एक्सेल में A से लेकर Z कॉलम के बाद AA, AB, AC, AD.........AZ सीरीज़ शुरू हो जाती है। जिसके बाद BA, BB, BC............BZ सीरीज़ आती है।

**82.** (C) एक वेबसाइट अस्थायी होती है, अर्थात् वेबसाइट को हम कभी भी हटा सकते हैं।

**83.** (C) ई–मेल में किसी सूचना की सॉफ्ट कॉपी को एक व्यक्ति से दूसरे को प्रतिस्थापित किया जाता है।

**84.** (B) फॉयरबॉल का मुख्य उद्देश्य आपके कम्प्यूटर में इन्टरनेट के माध्यम से अनाधिकृत एक्सेस की रोकथाम करना होता है।

**85.** (A) सुपर कम्प्यूटर एक प्रकार का कम्प्यूटर है जबकि मैकओएस, एंड्रायड, विंडोज सिस्टम ऑपरेटिंग सिस्टम का प्रकार है।

**86.** (A) एम.एस. एक्सेल में सेव फाइल का एक्सटेंशन .xls है।

**87.** (B) एम.एस. वर्ड 2007 में कैरेक्टर्स को "diamond" मैनर में सेट करने के लिए "स्ट्राइक थ्रू" का उपयोग किया जाता है।

**88.** (B) प्राप्त मेल यदि किसी अन्य व्यक्ति को ज्यों का त्यों भेजना हो तो, मेल के टूल बार पर उपस्थित "फारवर्ड" को क्लिक करना होता है।

**89.** (B) 1 मेगाबाइट = $2^{20}$ बाइट

**90.** (A) एम.एस.–एक्सेल का उपयोग गणनाओं आदि के उद्देश्य से किया जाता है। एम. एस. एक्सेल में सेल के निर्धारित सेट में नम्बरों की गणना के लिए 'फॉर्मूला'' व्यंजक का प्रयोग किया जाता है।

**91.** (C) MS वर्ड डॉक्यूमेंट 2007 में किसी भाग को कॉपी करने के लिए Ctrl + C का उपयोग किया जाता है। इसके लिए कॉपी किये जाने वाले भाग को सिलेक्ट करके कन्ट्रोल और C टैब को एक साथ दबाते हैं।

**92.** (C) MS word में किसी ऑपरेशन को अनडू करने के लिए Ctrl + Z शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है। जबकि **Redu** करने के लिए Ctrl + Y का उपयोग किया जाता है।

**93.** (C) एक वर्ड प्रोसेसर का सर्वश्रेष्ठ रूप से उपयोग स्टोरी टाइप करने के लिए किया जाता है। आय–व्यय निकालने हेतु एमएस एक्सेल, चित्र व डाइग्राम बनाने के लिए हम **Paint** का उपयोग करते हैं।

**94.** (A) एक कम्प्युटर में मात्र एक ही प्रोसेसर होता है। इसे युनि–प्रोसेसर नाम से जाना जाता है।

**95.** (B) 1 स्टेंडर्ड कीबोर्ड में 2 कंट्रोल (Ctrl) कुंजियाँ होती हैं। जो क्रमशः नीचे की कतार में बाएँ व दाएँ उपस्थित हैं।

**96.** (D) बैकस्पेस के उपयोग से वर्ड लाइन डिलीट करते हैं।

**97.** (D) कम्प्यूटर के कार्यों के अंतर्गत इनपुट, प्रोसेस, आउटपुट तथा स्टोरेज आते हैं।

**98.** (A) Txt एक्सटेंशन किसी टेक्स्ट फाइल को संदर्भित करता है। यह एक्सटेंशन वर्ड फाइल्स, वर्ड डॉक्यूमेंट आदि के लिए उपयोग किये जाते हैं।

**99.** (C) ओ सीआर, कीबोर्ड MICR माउस, माइक कैमरा आदि इनपुट डिवाइस हैं। जबकि मॉनिटर प्रिंटर, स्पीकर आदि आउटपुट डिवाइस हैं।

**100.** (A) इंटरनेट—नेटवर्क्स का नेटवर्क
इसके माध्यम से लाखों लोग वेबसाइट, मिलियन पेज, अरबों बाइट डाटा का आदान–प्रदान करते हैं।

❑❑